आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार
दैनिक भास्कर
पुणे, रविवार, दि. ५ मे २०२४

औद्योगिक क्षेत्र की मांग पर ध्यान दें शिक्षा जगत : डॉ. टी.जी. सीताराम

अलार्ड यूनिवर्सिटी के लोगो का अनावरण

भास्कर न्यूज़ | पुणे.

आज के परिवेश में शिक्षा जगत औद्योगिक क्षेत्र की मांग को मद्देनजर रखते हुए कार्य करे। अलार्ड पहली यूनिवर्सिटी है जो 70 प्रतिशत प्रैक्टिकल लर्निंग के साथ शिक्षा क्षेत्र में उतर रही है। ये विचार एआईसीटीई के अध्यक्ष डॉ. टी.जी. सीताराम के थे।

सेंटर फॉर एजूकेशन ग्रोथ एंड रिसर्च सीजीआर संस्था की ओर से दिल्ली में आयोजित 'थर्ड समिट ऑन विजन 2047 इन एजुकेशन' परिषद में अलार्ड यूनिवर्सिटी के लोगो का अनावरण एआईसीटीई के अध्यक्ष डॉ. सीताराम, नैक के अध्यक्ष प्रो.अनिल सहस्त्रबुद्धे और अलार्ड यूनिवर्सिटी के संस्थापक एवं कुलाधिपति डॉ. एल.आर. यादव के हाथों हुआ। 'हम अलग है, हम अलार्ड है' ध्येय वाक्य के साथ शिक्षा जगत में नई क्रांती की शुरुआत यह यूनिवर्सिटी कर रही है। इस वक्त डॉ. सीताराम ने कहा कि यह पहली यूनिवर्सिटी है जो छात्रों को 70 फीसदी प्रैक्टिकल और 30 फीसदी सैद्धांतिक ज्ञान देगी। शिक्षा क्षेत्र में इस तरह का सराहनीय कदम उठाना बड़ी बात है। इसका लाभ छात्रों को रोजगार उपलब्ध कराने में निश्चित रूप में मिलेगा। स्टार्टअप में रूचि रखने वाले भी अपना भविष्य बना सकते हैं। प्रो. सहस्त्रबुद्धे ने इस कदम की सराहना करते हुए सफलता की कामना की।